Complaints regarding encroachment of land in Azadpur, New Delhi

632. SHRIMATI MALTI SHARMA:

SHRI RAJ NATH SINGH:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state: (a) the cases registered with Dabas Police Station, New Delhi regarding encroachment of personal land for making brick klin by M/s. Chowdhry Bhatta Company, A-88, Majlish Park, Azadpur, New Delhi;

(b) the details thereof;

(c) whether the owner of the land has got stay order from the Hon'ble Court to stop the illegal practice by the M/s. Chowdhry Bhatta Company; and

(d) if so, the reasons therefor and what action Government propose to take in this ragard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (PROF. M. KAMSON):

(a) and (b) On receipt of a representation from the owners of the land, the matter was enquired into by the local police, of RS. Kanjhawala. On enquiries, no case was registered against M/s. Chowdhry Bhatta Company as no offence as alleged in the representation could be made out.

(c) and (d) In a civil suit filed by the landlord, the Hon'ble Court vide its orders dated 2.2.96 has directed that the respondent shall not dig and remove the earth from the suit land till next date. Since the matter is subjudice, no police action is warranted at this stage.

दरभंगा में टेलीफोन केबल लाइनें बिछाया जाना

633. **श्री अनन्तराम जायसवाल** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) क्या बिहार के दरभंगा जिले में बहेड़ा से बहेड़ी तक टेलीफोन केबल लाइनें बिछाने का कोई काम चल रहा हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी , नहीं। बिहार के दरंभगा जिले में बडेरा के बीच टेलीफोन लाइन बिछाने का कोई प्रस्ताव नहीं हैं।

(ख) ऊपर भाग (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) बडेरा और बडेरी टेलीफोन एक्सचेंज दरभंगा गौण-स्विचन क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग कम दूरी प्रभारण क्षेत्रों में अवस्थित हैं जहां ट्रंक स्वचालित एक्सचेंज सुविधा हैं। बडेरा और बडेरी टेलीफोन एक्सचेंजों से जुडे उपभोक्ता, दरभंगा ट्रंक स्वचालित एक्सचेंज के जरिए एक दूसरे से टेलीफोन पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं इसलिए बडेरा के बीच सीधे कोई टेलीफोन लाइन बिछाने की जरूरत नहीं हैं।

मध्य प्रदेश में रसोई गैस के वितरक

634. **श्री राघवजी :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) मध्य प्रदेश में ऐसे कौन-कौन से तहसील मुख्यालय हैं जहां 31 दिसम्बर, 1995 तक रसोई गैस वितरक की नियुक्ति नही हो पाई हैं; और

(ख) इनमें से किन किन तहसील मुख्यालयों पर 31 दिसम्बर, 1996 तक रसोई गैस वितरक नियुक्त कर दिए जाएंगे?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) विद्यमान नीति के अनुसार, 20,000 तथा इससे अधिक जनसंख्या वाले स्थानों पर चरणों में एल पी जी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप खोली जाती हैं बशर्ते कि स्थान आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य हो तथा उत्पाद उपलब्ध हो। ये डिस्ट्रीब्यूटरशिप तहसील मुख्यालयों के आधार पर नहीं खोली जाती हैं। तदनुसार 1994-96 की एल पी जी विपणन योजना में मध्य प्रदेश के लिए 104 स्थान शामिल किए गए हैं।